**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1769**
**05 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## आईएसएसआर (स्व-स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास) और एएचपी (साझेदारी में किफायती आवास) के अंतर्गत निर्मित आवास

**†1769. श्री अमरिंदर सिंह राजा वारिंगः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सम्पूर्ण देश, विशेषकर पंजाब में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) योजना के आईएसएसआर (स्व-स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास) और एएचपी (साझेदारी में किफायती आवास) कार्यक्षेत्र के अंतर्गत निर्मित आवासों के आंकड़े क्या हैं;

(ख) कुल निर्मित आवासों में से खाली पड़े हुए आवासों का ब्यौरा क्या है:

(ग) पंजाब में इन आवासों के खाली रहने के कारण/कारक क्या हैं;

(घ) क्या सरकार द्वारा संबंधित मुद्दों का समाधान कर स्थायी आवासन के लिए बढ़ावा देने हेतु कोई कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री तोखन साहू)**

(क) से (ङ): "भूमि" और "कॉलोनीकरण" राज्य के विषय हैं। इसलिए, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) द्वारा अपने नागरिकों के लिए आवास से संबंधित योजनाओं को कार्यान्वित किया जाता है। हालांकि, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय देश भर में सभी पात्र शहरी लाभार्थियों को बुनियादी नागरिक सुविधाओं के साथ बारहमासी पक्के आवास उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, 25.11.2024 तक मंत्रालय द्वारा कुल 118.64 लाख आवासों को स्वीकृति दे दी गई है, जिनमें से 114.22 लाख निर्माणाधीन हैं और 88.22 लाख आवास पूरे हो चुके हैं/लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं और शेष आवास निर्माण के विभिन्न चरणों में हैं। दिनांक 25.11.2024 तक पंजाब सहित देशभर में आईएसएसआर और एएचपी घटकों के अंतर्गत स्वीकृत, निर्माणाधीन और

पूर्ण/लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

पंजाब राज्य में, एएचपी घटक के तहत कुल 570 आवासों को स्वीकृति दे दी गई थी, जिनमें से 176 आवासों को पूर्ण कर लाभार्थियों को सौंप दिया गया है। पंजाब में आईएसएसआर घटक के तहत कोई परियोजना स्वीकृत नहीं है। मंत्रालय इस योजना की प्रगति का आकलन करने के लिए नियमित आधार पर राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ निरंतर समीक्षा बैठकें आयोजित करता है, जिनमें पूर्ण हो चुके मकानों के खाली रहने, यदि कोई हो, से संबंधित मुद्दा शामिल किया जाता है।

*****

### दिनांक 05-12-2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1769 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पीएमएवाई-यू के अंतर्गत 25.11.2024 तक पंजाब सहित आईएसएसआर और एएचपी घटकों के तहत स्वीकृत, निर्माणाधीन और पूर्ण/लाभार्थियों को सौंपे गए आवासों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा

| क्र. सं. | | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आईएसएसआर | | | एएचपी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण / सौंपे गए | स्वीकृत | निर्माणाधीन | पूर्ण / सौंपे गए |
| 1. | राज्य | आंध्र प्रदेश | 1,617 | 1617 | 235 | 2,68,050 | 2,68,050 | 2,38,026 |
| 2 | | बिहार | 6,502 | 6502 | 5644 | - | - | - |
| 3. | | छत्तीसगढ़ | 300 | 300 | 300 | 40,503 | 38,097 | 30,712 |
| 4 | | गोवा | - | 0 | 0 | - | - | - |
| 5 | | गुजरात | 61,794 | 51793 | 38575 | 1,42,645 | 1,35,001 | 1,18,074 |
| 6 | | हरियाणा | 2,452 | 2085 | 1818 | - | - | - |
| 7 | | हिमाचल प्रदेश | 164 | 164 | 164 | - | - | - |
| 8 | | झारखण्ड | 2,986 | 2986 | 2889 | 32,701 | 18,712 | 4,120 |
| 9 | | कर्नाटक | 22,203 | 22203 | 20980 | 2,93,163 | 2,73,956 | 1,10,117 |
| 10 | | केरल | 1,183 | 1183 | 784 | 970 | 938 | 530 |
| 11 | | मध्य प्रदेश | 7,562 | 7562 | 7041 | 51,152 | 50,238 | 33,246 |
| 12 | | महाराष्ट्र | 1,44,820 | 85660 | 52538 | 3,05,276 | 1,80,295 | 75,688 |
| 12 | | ओडिशा | 8,897 | 8497 | 7011 | 9,320 | 6,412 | 1,712 |
| 14 | | पंजाब | 1,025 | 0 | 0 | 570 | 570 | 176 |
| 1515 | | राजस्थान | 14,492 | 14492 | 12929 | 33,580 | 27,396 | 11,062 |
| 16 | | तमिलनाडु | 4,763 | 4763 | 4763 | 1,44,896 | 1,35,817 | 1,06,843 |
| 17 | | तेलंगाना | 256 | 256 | 256 | 1,59,372 | 1,46,035 | 1,34,616 |
| 18 | | उत्तर प्रदेश | 5,490 | 5490 | 5439 | 65,930 | 62,729 | 42,877 |
| 20 | | उत्तराखंड | 2,536 | 2536 | 2425 | 15,960 | 15,944 | 2,680 |
| 20 | | पश्चिम बंगाल | 442 | 442 | 292 | 3,542 | 1,654 | 352 |
| **उप-जोड़ (राज्य)** | | | **2,89,384** | **218431** | **163983** | **15,67,630** | **13,61,844** | **9,10,831** |
| 22 | पूर्वोत्तर राज्य | अरुणाचल प्रदेश | 1,536 | 1536 | 1536 | - | - | - |
| 22 | | असम | 108 | 164 | 0 | 128 | - | - |
| 23 | | मणिपुर | - | 0 | 0 | - | - | - |
| 24 | | मेघालय | - | 0 | 0 | - | - | - |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | | मिजोरम | 142 | 142 | 142 | - | - | - |
| 26 | | नागालैंड | 1,054 | 1054 | 702 | - | - | - |
| 28 | | सिक्किम | - | 0 | 0 | - | - | - |
| 28 | | त्रिपुरा | 3,005 | 3005 | 1929 | 1,000 | 1,000 | - |
| **उप-जोड़ (पूर्वात्तर राज्य)** | | | **5,845** | **5801** | **4309** | **1,128** | **1,000** | **-** |
| 29 | संघ राज्य क्षेत्र | अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | - | - | - | 329 | 329 | - |
| 30 | | चंडीगढ़ | - | - | - | - | - | - |
| 31 | | दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव | - | - | - | 1,531 | 1,531 | 1,311 |
| 32 | | दिल्ली | - | - | - | - | - | - |
| 33 | | जम्मू और कश्मीर | - | - | - | 968 | - | - |
| 34 | | लद्दाख | 369 | 77 | 62 | - | - | - |
| 35 | | लक्षद्वीप | - | - | - | - | - | - |
| 36 | | पुद्दुचेरी | - | - | - | - | - | - |
| **उप- जोड़ (संघ राज्य क्षेत्र)** | | | **369** | **77** | **62** | **2,828** | **1,860** | **1,311** |
| **सकल योग** | | | **2,95,598** | **224309** | **168354** | **15,71,586** | **13,64,704** | **9,12,142** |